भावना के निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित तृतीय शीतकालीन सहायता शिविर की प्रगति रिपोर्ट

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा तृतीय शिविर दिनाँक 18-12-2023 (सोमवार) को ग्राम भदेसरमऊ,विकास खण्ड मलीहाबाद,जनपद लखनऊ में आयोजित किया गया जिसमें ग्राम भदेसरमऊ के निवासियों की सहभागिता रही।

शिविर में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए, संयोजक निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार की जन लाभकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें ई-श्रम कार्ड व आयुष्मान भारत योजना का गोल्ड कार्ड यथा शीघ्र बनवाने हेतु प्रेरित किया गया।इन योजनाओं से होने वाले लाभ से भी सभी को विस्तार से अवगत कराया गया तथा इंगित किया गया कि जनसेवा केन्द्र पंचायत भवन में ही स्थित है,अतः उन्हें अन्यत्र जाने की भी आवश्यकता नहीं है।

सभा में उपस्थित जनों को सूचित किया गया कि भावना द्वारा अपने सदस्यों/गैर सदस्य दानदाताओं से प्राप्त योगदान से ही कम्बलों का क्रय एवं वितरण किया जाता है और किसी प्रकार की सरकारी सहायता/अनुदान नहीं लिया जाता है।अतः इनका समुचित सदुपयोग करें।शिविर में उपस्थित पूर्व चयनित निर्धन,असहाय,विधवा व दिव्यांग जनों को 60 अदद नये ऊनी कम्बल दिये गये,तथा भावना के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण किया गया।

शिविर में श्री प्रभात किरण चौरसिया,संयोजक निर्धन जन सेवा,श्री सुनील कुमार उप्रेती,सदस्य भावना,श्रीमती विजय लक्ष्मी,ग्राम प्रधान भदेसरमऊ,श्री सन्तोष कुमार मौर्य,ग्राम सचेतक,श्री गिरजा शंकर मौर्य,प्राकृतिक कृषक व अन्य अनेक गणमान्य व भद्रजन उपस्थित रहे।

प्रभात किरण चौरसिया

संयोजक-निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ।